राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
नई दिल्ली। बुधवार • 8 दिसम्बर • 2021 | राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

सीबीएसई : 12वीं के छात्रों ने दिया फिजिकल एजुकेशन का पेपर

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
नई दिल्ली।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की बारहवीं कक्षा का फिजिकल एजुकेशन का पेपर आयोजित किया गया। परीक्षा 35 अंकों की थी और इसमें कुल 60 प्रश्न आए थे, लेकिन छात्रों को इसमें से कुल 50 ही प्रश्न करने थे। प्रत्येक प्रश्न 0.7 अंक का था। पेपर के सभी प्रश्न ऑब्जेक्टिव टाईप थे। पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक के फिजिकल एजुकेशन विषय के सब्जेक्ट एक्सपर्ट विजेन्द्र राणा ने बताया कि मंगलवार को आयोजित फिजिकल एजुकेशन का पेपर संतुलित था। इसमें कठिन और आसान दोनों तरह के प्रश्न आए थे। परीक्षार्थी गौरी, मैत्रेय राणा और सैफ ने कहा कि परीक्षा पेपर अच्छा रहा।

देश-विदेश में करीब 8.5 लाख परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

पेपर में करीब 60 फीसद प्रश्न मुश्किल और 40 फीसद परीक्षा आसान थे। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि मंगलवार को देश-विदेश में करीब 8.5 लाख छात्रों ने फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा दी। परीक्षा के लिए करीब 11 हजार परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए थे।